प्रश्न:- अमीन किसे कहते हैं?

उत्तर:- अमीन एक अरबी शब्द है, जिसे हिन्दी में ईमानदार और उर्दू में 'अमानत' कहा जाता है, अमीन उस व्यक्ति को कहेंगे जो जमीन के किसी भी हिस्से की मापी कर किसी पैमाने पर नक्शा बना दे उसे अमीन कहेंगे।

दूसरे शब्दों में वह व्यक्ति जो ईमानदारीपूर्वक किसी भूमि को मापकर पैमाने पर नक्शा बना दे उसे अमीन कहते है। अमीन को अंग्रेजी में (Surveyor) सर्वेयर कहा जाता है।

प्रश्न:- हमलोग - अमानत क्यों सिखते है?

उत्तर:- अमानत अर्थात अमीन के प्रशिक्षण से हमें जमीन संबंधी अधिकार एवं विशेष रूप से अध्ययन प्राप्त होता है साथ ही हमें प्रशिक्षण के पश्चात एक डिग्री मिलती है जिसके आधार पर हमें बहुत सारे विभागों में अमीन के रूप में कार्य करने की प्राथमिकता मिलती है जिसमें प्रमुख विभाग इस प्रकार है:—

1. चकबन्दी विभाग
2. कोशी प्रोजेक्ट
3. सिंचाई (P.W.D) विभाग
4. वन विभाग
5. अनुबंध के आधार पर अनुमण्डल एवं अंचल अमीन के रूप में।
6. अनुबंध के आधार पर नगर निगम में अमीन एवं टैक्स कलक्टर के रूप में।

Scanned with CamScanner